कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जनपद पौड़ी गढ़वाल।
ईमेल–cfopwl.ukfs@gmail.com

पत्रांक: न–10/सीएफओ–KDR/24

दिनांकः जुलाई 07,2024

स्वामी/प्रबन्धक,
**M/S The Daffodills Public School**
**Devrampur, Kotdwar**
**District-pauri Garhwal.**

विषयः– अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण–पत्र **Annual Clearance** के सम्बन्ध में।

कृपया आपके आवेदन यूनिक नम्बर–82382715 दिनांकः 28.06.2024 जो कि **Uttarakhand Fire And Emergency Services** के वेबसाईट पर प्राप्त हुआ है के अनुसार अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी, कोटद्वार द्वारा किया गया। अग्निशमन अधिकारी, फायर स्टेशन कोटद्वार की निरीक्षण आख्या दिनांकः 02.07.2024 के अनुसार अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था अग्निजोखिम के अनुरूप संतोषजनक पायी गयी, समस्त अग्निशमन यन्त्र कार्यशील दशा में पाये गये तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की संस्तुति की गयी है।

अतः उत्तराखण्ड शासन, गृह अनुभाग–03 की अधिसूचना संख्या–342/XX-3/2021-2(39)/2006 देहरादून दिनांकः 29 नवम्बर, 2021 के अनुपालन में संस्थान को दिनांकः 07 जुलाई, 2024 से 06 जुलाई, 2027 (3 वर्ष) तक के लिये प्राथमिक अग्नि उपकरणों का कार्यशीलता प्रमाण–पत्र निम्न बिन्दुओं के अनुपालन के दृष्टिगत सशर्त जारी किया जाता है।

1. सभी बाहर निकलने या बचाव के रास्ते तथा सीढ़ियां प्रत्येक दशा में अवरोध मुक्त रखा जाय।
2. आपके संस्थान के सभी कर्मचारियों को उपलब्ध अग्निशमन यन्त्रों का तथा सुरक्षित निष्क्रमण (Evacuation) प्रक्रिया का ज्ञान होना आवश्यक होगा।
3. सभी अग्निशमन यन्त्रों को कार्यशील दशा में रखने की जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी। अग्निशमन यन्त्रों की स्थापना का अर्थ यह नहीं लगाया जाए कि अग्निकाण्ड की घटना नहीं हो सकती है। अतः प्रबन्धन को अग्निनिरोधक उपाय सदैव करते रहना चाहिए।
4. भवन/संस्थान में विद्युत यन्त्रों की स्थापना, वेंटीलेशन, स्ट्रक्चर, स्टेबिलिटी, सैट बैक एरिया के निर्माण Land Use Change में बदलाव आदि का सत्यापन सम्बन्धित अधिकारी से कराया जाय।
5. इस अनापत्ति प्रमाण–पत्र की उपयोग अवैध निर्माण को नियमित करने के लिए नहीं किया जा सकता है।
6. संस्थान की अग्निशमन व्यवस्था के कार्यशील होने का स्व–घोषणा प्रमाण–पत्र/Audit Report प्रति छः माह में प्रस्तुत/अपलोड करना अनिवार्य है।
7. यदि उपरोक्त अग्निसुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित भवन या अधिभोग के आकार, प्रकृति, प्रयोजन या स्थान के किसी प्रकार का कोई परिवर्तन किया जाता है तो अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र नये सिरे से लिया जाना अनिवार्य होगा।
8. संस्थान में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित मानकों/एन.बी.सी. 2016 के भाग 04 की गाईड लाईन के अनुसार सदैव अद्यतन (Update) स्थिति में रखा जाना जीव रक्षा एवं राष्ट्रीय सम्पत्ति की सुरक्षा के हित में आवश्यक है। स्वामी/प्रबन्धक द्वारा उपरोक्त उल्लेखित बिन्दुओं के अनुरूप पालन न किये जाने पर प्रदत्त प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(राजेन्द्र सिंह खाती)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
पौड़ी गढ़वाल।

कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी पौडी गढ़वाल।

पत्रांकः न–6 / सीएफओ–PWL / 20

दिनांकः सितम्बर, 20 2020

M/S THE DAFFODILS PUBLIC SCHOOL,
DEVRAMPUR, KOTDWAR,
DISTRICT- PAURI GARHWALI.

विषयः अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था प्रमाण पत्र के Annual Clearance सम्बन्ध में।

कृपया आपके आवेदन यूनिक नम्बरः–34927968 दिनांकः–16.09.2020 जो कि Uttarakhand Fire and Emergency Services के वेब पेज पर प्राप्त हुआ है, के अनुसार अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का प्रभारी फायर स्टेशन कोटद्वार से निरीक्षण कराया गया, प्रभारी फ़ायर स्टेशन कोटद्वार की निरीक्षण आख्या दिनांकः–17.09.2020 के अनुसार निरीक्षण के दौरान आपके स्कूल में स्थापित प्राथमिक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को संतोषजनक इंगित करते हुये अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी कार्यशीलता प्रमाण पत्र प्रदान करने की संस्तुति की है।

*संस्थान के स्वामी / प्रबन्धक को निर्देशित किया जाता है कि इकाई का विस्तार / अतिरिक्त शेडों के निर्माण करने पर तदनुसार अलग से अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। अग्निशमन व्यवस्था समय–2 पर चैक कर सदैव कार्यशील दशा में रखी जाये, अकार्यशील पाये जाने पर तत्काल कार्यशील करा ली जाये तथा स्थानीय थाना / अस्पताल / फायर स्टेशन कोटद्वार के टेलीफोन नम्बर को स्कूल के मुख्य स्थान पर अंकित किया जाये एवं अग्निशमन व्यवस्था सम्बन्धी Lay out plan भी प्रवेश द्वार पर उपलब्ध रखा जाये, फायर एक्सटिंग्यूशर पहुँच मार्ग सदैव बाधा रहित रखा जाये, एन.बी.सी के भाग–4 में उल्लिखित मानकों के अनुसार अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखा जाये तथा उपलब्ध फायर एक्सटिंग्यूशरों को अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करने से पूर्व रिफिल करवाया जाना अनिवार्य है यदि कतिपय कारणों से अनापत्ति प्रमाण पत्र नवीनीकरण होने के उपरान्त रिफलिंग तिथि पर फायर एक्सटिंग्यूशर रिफिल नही किये जाते एवं उपरोक्त सुझाव में कमी पाये जाने पर प्रदत्त प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त समझा जाये।*

अतः उपरोक्त अनुबन्ध के अनुसार एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फायर स्टेशन कोटद्वार की संस्तुति आख्या के आधार पर आपके M/S THE DAFFODILS PUBLIC SCHOOL, DEVRAMPUR, KOTDWAR, में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों के कार्यशीलता प्रमाण पत्र निर्गत तिथि से एक वर्ष हेतु इस उपबन्ध के साथ नवीनीकरण किया जाता है कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था कार्यशील दशा में न होने के फलस्वरूप प्रदत्त प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही / तकनीकी खराबी के कारण अग्नि दुर्घटना के समय अग्निशमन उपकरण कार्य नहीं करते है तो पूर्ण उत्तरदायित्व स्वामी / प्रबन्धक का होगा।

(अर्जुन सिंह)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
पौड़ी गढ़वाल।

प्रतिलिपिः प्रभारी फायर स्टेशन कोटद्वार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

# THE DAFFODILS PUBLIC SCHOOL

DEVRAMPUR, KOTDWARA, DISTT: PAURI GARHWAL (UTTARAKHAND)-246149
Visit Us: www.thedaffodilsschoolkotdwara.com, Email: daffodilskotdwar@gmail.com

**Affiliation No. 3530419**

Ref.......................

Date: 11/09/2020

सेवा में,
श्रीमान् अग्निशमन अधिकारी
कोटद्वार गढ़वाल
उत्तराखण्ड।

विषय :– प्राथमिक अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था से संबधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण हेतु।

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि मै0 दि डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, देवरामपुर कोटद्वार में व्यवस्थित समस्त प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग करवा ली गयी है। उक्त रिफिलिंग यंत्रों की सूची निम्नवत् है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ABC टाइप फायर एक्सटिंग्यूसर | क्षमता 04 किग्रा0 | 11 अदद |
| 2 | CO2 टाइप फायर एक्सटिंग्यूसर | क्षमता 02 किग्रा0 | 01 अदद |
| 3 | AFFF टाइप फायर एक्सटिंग्यूसर | क्षमता ....................... | 00 अदद |
| 4 | फायर हाइड्रैन्ट | | 00 अदद |
| 5 | फायर होज सील | ..................... 30 मीटर | 01 अदद |
| 6 | रिजर्व वाटर टैंक | ......................... लीटर | 5000 अदद |

अतः महोदय से निवेदन है कि मै0 दि डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, देवरामपुर कोटद्वार को उपरोक्त अग्निशमन यंत्र हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा कीजिएगा।

धन्यवाद।

PRINCIPAL
The Daffodils Public School
Senior Secondary School
Devrampur - Kotdwar (U.K.)

प्रधानाचार्या